भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 621
गुरूवार, 02 दिसम्बर, 2021/11 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटक गाइडों के लिए प्रशिक्षण

621. श्री राकेश सिन्हाः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकारी रूप से पंजीकृत पर्यटक गाइडों की कुल संख्या के बारे में कोई रिकॉर्ड उपलब्ध है;

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार ऐसे रिकॉर्ड रखने का विचार रखती है;

(ग) क्या घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए पर्यटक गाइडों को तैयार/प्रशिक्षित करने हेतु कोई सरकारी स्वामित्व वाली संस्था उपलब्ध है;

(घ) क्या सरकार पर्यटक गाइडों को भाषाई और आध्यात्मिक इतिहास का ज्ञान प्रदान करके दोनो रूप से प्रशिक्षित करने के लिए विशेषज्ञ समिति का उपयोग करके पाठ्यक्रम तैयार करेगी क्योंकि भारत भाषाई और आध्यात्मिक विविधताओं का देश है; और

(ङ) क्या सरकार को इस क्षेत्र में काम कर रही निजी संस्थाओं के बारे में जानकारी है, और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): जी हां, महोदय। पर्यटन मंत्रालय में पंजीकृत पर्यटक गाइडों की कुल संख्या का रिकॉर्ड संधारित किया जाता है।

(ग): भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान (आई आई टी टी एम), पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय है जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए पर्यटक गाइड के प्रशिक्षण के लिए नोडल एजेंसी है।

(घ): पर्यटक गाइड का प्रशिक्षण विशेषज्ञों की सहायता से तैयार एक संरचित पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रदान किया जाता है। पाठ्यक्रम में आध्यात्मिक आयाम और भाषाई विविधताएं भी शामिल हैं। इस प्रशिक्षण के अलावा, आई आई टी टी एम पर्यटक गाइड को विदेशी भाषा भी सिखाता है।

(ङ): जी नहीं, महोदय।

****